# कार्यालय अधिशासी अभियन्ता,

**खण्ड कार्यालय, उ0प्र0 जल निगम (ग्रामीण),**
**बन्धौआ रोड फौजी कॉलोनी मसेनी निकट विकास मैरिज लॉन,**
**फतेहगढ़ फर्रूखाबाद–209601**
Email ID- ecupjnrfarrukhabad@gmail.com


पत्रांक 4154 / कार्य-09 / 126 दिनांक 07/07/2026

**सेवा में,**

मुख्य अभियन्ता (ग्रामीण),
उ0प्र0 जल निगम (ग्रामीण),
लखनऊ।

विषयः–**ई–पेपर दैनिक भास्कर समाचार पत्र में प्रकाशित खबर ''कमालगंज में टोटियां लगी, लेकिन पानी नही पहुँचाः ग्रामीण बोले–सिर्फ कागजों में पूरी हुई जल जीवन मिशन योजना" के सम्बन्ध में।**

**महोदय,**

उपरोक्त विषयक दिनांक 06.07.2026 को ई–पेपर दैनिक भास्कर समाचार पत्र में प्रकाशित खबर **''कमालगंज में टोटियां लगी, लेकिन पानी नही पहुँचाः ग्रामीण बोले–सिर्फ कागजों में पूरी हुई जल जीवन मिशन योजना"** के सम्बन्ध में अवगत कराना है कि वर्तमान में जल जीवन मिशन कार्यक्रम के अन्तर्गत पेयजल योजना का निर्माण कराया जा रहा है ग्राम मोहनपुर दीनापुर विकास खण्ड कमालगंज में उच्च जलाशय का निर्माण कार्य पूर्ण, प्रस्तावित 02 नग पम्पहाउस के सापेक्ष 01 नग पम्पहाउस का कार्य पूर्ण तथा 01 नग पम्पहाउस का कार्य भूमि न मिलने के कारण अपूर्ण है एवं सोलर अधिष्ठापन का कार्य पूर्ण किया जा चुका है योजना में प्रस्तावित वितरण प्रणाली बिछाई जा चुकी है। साथ ही योजना में गृहसंयोजनों का कार्य भी पूर्ण कर लिया गया है। वर्तमान में योजना में वितरण प्रणाली बिछाये जाने हेतु तोड़ी गई सड़को का पुर्नस्थापन का कार्य लगभग पूर्ण कर लिया गया है। वर्तमान में योजनान्तर्गत आंशिक रूप से पेयजल आपूर्ति प्रारम्भ कर दी गई है।

अतः उक्त के संबंध में कार्यदायी एजेंसी को योजना से संबंधित समस्त अवशेष कार्यो को जल्द से जल्द पूर्ण करने हेतु निर्देशित कर दिया गया है।

**आख्या सादर सूचनार्थ प्रेषित।**

**संलग्नकः– उपरोक्तानुसार ।**

**भवदीय**

**(सजन कुमार)**
**अधिशासी अभियन्ता**

**पृ0सं0 एवं दिनांक यथोपरि'–**
**प्रतिलिपि– निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित–**

1. मुख्य अभियन्ता (का0क्षे0) उ0प्र0 जल निगम (ग्रामीण), कानपुर।
2. अधीक्षण अभियन्ता, मण्डल कार्यालय, उ0प्र0 जल निगम (ग्रामीण), कानपुर।

**अधिशासी अभियन्ता**

d/letter EE 530

Scanned with OKEN Scanner

# कार्यालय अधिशासी अभियन्ता,

खण्ड कार्यालय, उ0प्र0 जल निगम (ग्रामीण),
बन्धौआ रोड फौजी कॉलोनी मसेनी निकट विकास मैरिज लॉन,
फतेहगढ़ फर्रुखाबाद–209601
Email ID- eeupjnrfarrukhabad@gmail.com


पत्रांक 4154 / का0-09 / 126 दिनांक 07/07/2026

**सेवा में,**

मुख्य अभियन्ता (ग्रामीण),
उ0प्र0 जल निगम (ग्रामीण),
लखनऊ।

विषयः–**ई–पेपर दैनिक भास्कर समाचार पत्र में प्रकाशित खबर "कमालगंज में टोटियां लगी, लेकिन पानी नही पहुँचाः ग्रामीण बोले–सिर्फ कागजों में पूरी हुई जल जीवन मिशन योजना" के सम्बन्ध में।**

**महोदय,**

उपरोक्त विषयक दिनांक 06.07.2026 को ई–पेपर दैनिक भास्कर समाचार पत्र में प्रकाशित खबर **"कमालगंज में टोटियां लगी, लेकिन पानी नही पहुँचाः ग्रामीण बोले–सिर्फ कागजों में पूरी हुई जल जीवन मिशन योजना"** के सम्बन्ध में अवगत कराना है कि वर्तमान में जल जीवन मिशन कार्यक्रम के अन्तर्गत पेयजल योज़ना का निर्माण कराया जा रहा है ग्राम मोहनपुर दीनापुर विकास खण्ड कमालगंज में उच्च जलाशय का निर्माण कार्य पूर्ण, प्रस्तावित 02 नग पम्पहाउस के सापेक्ष 01 नग पम्पहाउस का कार्य पूर्ण तथा 01 नग पम्पहाउस का कार्य भूमि न मिलने के कारण अपूर्ण है एवं सोलर अधिष्ठापन का कार्य पूर्ण किया जा चुका है योजना में प्रस्तावित वितरण प्रणाली बिछाई जा चुकी है। साथ ही योजना में गृहसंयोजनों का कार्य भी पूर्ण कर लिया गया है। वर्तमान में योजना में वितरण प्रणाली बिछाये जाने हेतु तोड़ी गई सड़को का पुर्नस्थापन का कार्य लगभग पूर्ण कर लिया गया है। वर्तमान में योजनान्तर्गत आंशिक रूप से पेयजल आपूर्ति प्रारम्भ कर दी गई है।

अतः उक्त के संबंध में कार्यदायी एजेंसी को योजना से संबंधित समस्त अवशेष कार्यो को जल्द से जल्द पूर्ण करने हेतु निर्देशित कर दिया गया है।

**आख्या सादर सूचनार्थ प्रेषित।**

**संलग्नकः– उपरोक्तानुसार ।**

**भवदीय**

**(सजन कुमार)**
**अधिशासी अभियन्ता**

**पृ0सं0 एवं दिनांक यथोपरि–**

**प्रतिलिपि– निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित–**

1. मुख्य अभियन्ता (का0क्षे0) उ0प्र0 जल निगम (ग्रामीण), कानपुर।
2. अधीक्षण अभियन्ता, मण्डल कार्यालय, उ0प्र0 जल निगम (ग्रामीण), कानपुर।

**अधिशासी अभियन्ता**

d/letter EE 530

Scanned with OKEN Scanner

# कमालगंज में टोटियां लगीं, लेकिन पानी नहीं पहुंचा: ग्रामीण बोले- सिर्फ कागजों में पूरी हुई जल जीवन मिशन योजना

अवनीश कुमार | राजेपुर सरायमेदा(सदर), फर्रुखाबाद
1 दिन पहले



फर्रुखाबाद के कमालगंज विकासखंड में जल जीवन मिशन की जमीनी हकीकत सरकारी दावों से अलग नजर आ रही है। मोहनपुर, दिनारपुर और महरूपुर रवि समेत कई गांवों में घरों तक पाइपलाइन और टोटियां तो लगा दी गई हैं, लेकिन अब तक नलों में पानी नहीं पहुंचा है। इससे ग्रामीणों में जल निगम विभाग के प्रति नाराजगी बढ़ती जा रही है। योजना के तहत पाइपलाइन बिछाने के लिए गांवों की सड़कों को जगह-जगह खोदा गया था। निर्माण कार्य पूरा होने के बाद भी कई स्थानों पर सड़कें क्षतिग्रस्त हालत में छोड़ दी गईं, जिससे लोगों को आवागमन में दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है। ग्रामीणों का आरोप है कि विभाग ने केवल पाइप और टोटियां लगाकर योजना पूरी होने का दावा कर दिया, जबकि नियमित पेयजल आपूर्ति आज तक शुरू नहीं हो सकी। मजबूरी में लोग अब भी हैंडपंप और अन्य पारंपरिक जल स्रोतों पर निर्भर हैं। ग्रामीणों का कहना है कि जल जीवन मिशन के तहत गांव में करीब तीन करोड़ रुपये की लागत से पानी की टंकी का निर्माण कराया गया, लेकिन इसके बावजूद जलापूर्ति शुरू नहीं हो सकी। करोड़ों रुपये खर्च होने के बाद भी लोगों को योजना का लाभ नहीं मिलने से सरकारी धन के उपयोग पर भी सवाल उठ रहे हैं। ग्रामीणों ने पूरे मामले की निष्पक्ष जांच कराने, जिम्मेदार अधिकारियों के खिलाफ कार्रवाई करने और क्षतिग्रस्त सड़कों की जल्द मरम्मत कराने की मांग की है। साथ ही उन्होंने घर-घर नियमित पेयजल आपूर्ति शुरू करने की अपील की है। ग्रामीणों ने चेतावनी दी कि यदि जल्द समाधान नहीं हुआ तो वे आंदोलन करने को मजबूर होंगे।

Scanned with OKEN Scanner